# बिहार विधान-सभा वादवृत

---

## बृहस्पतिवार, तिथि १८ जून, १९७०

---

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा-सदन में बृहस्पतिवार, तिथि १८ जून, १९७० को पूर्वाह्न ११ बजे अध्यक्ष, श्री राम नारायण मंडल के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

## अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर :

---

### नेपाल अवमूल्यन भत्ता।

२७६। श्री विपिन बिहारी सिंह—क्या मंत्री, नदी-घाटी योजना (गंडक शाखा) विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि चम्पारन जिलान्तर्गत बाल्मीकिनगर, गंडक योजना में काम करनेवाले कर्मचारी जिनकी बदली ३१ दिसम्बर १९६७ के पहले सूर्यपुरा (नेपाल) में ताप बिजली योजना में की गई है, उन्हें नेपाल अवमूल्यन भत्ता मिलता है, जब कि दिसम्बर, १९६७ के बाद भेजे गए उसी बिजली घर के कर्मचारी को वह भत्ता नहीं मिलता है ;

(२) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो ऐसी विषमता का क्या कारण है और इसका परिमार्जन सरकार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक ?

श्री लहटन चौधरी—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है, पर सुसंगत तिथि ८-१२-६७ है।

(२) नेपाल में पदस्थापित राज्य-सरकार के कर्मचारियों को ६-६-१९६७ को भारतीय मुद्रा के अवमूल्यन के फलस्वरूप उन्हें आर्थिक क्षति न उठानी पड़े, इसलिए

निर्माण के पश्चात् इसके भीतर पड़नेवाले पुराने बांध को छोड़ दिया गया है क्योंकि इसके स्थान पर ही उक्त रिटायर्ड लाईन का निर्माण किया गया है।

(३) उत्तर स्वीकारात्मक है। जहां तक बस्तियों का प्रश्न है रीटायर्ड लाईन एवं पुराने बांध के बीच कुल पांच बस्तियां हैं।

(४) सिंचाई विभाग को इसकी जानकारी नहीं है।

(५) चूंकि पुराने बांध के स्थान पर गंगा की कटाव नजदीक होने के कारण एक नये रिटायर्ड बांध का निर्माण हो चुका है इसलिये इस विभाग द्वारा पुराने बांध को मरम्मत करना छोड़ दिया गया है।

---

## स्कीम का स्थानान्तरिण।

१३७३। श्री राजमंगल मिश्र—क्या मंत्री, सिंचाई विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार देवघर वाटरवेज स्कीम को वहां से हटाकर मुंगेर ले जाना चाहती है यदि हां तो क्यों?

श्री दारोगा प्रसाद राय—जलमार्ग अंचल, देवघर के अन्तर्गत पड़ने वाले प्रमंडलों की दूरी मुंगेर से करीब-करीब बराबर पड़ती है। इसके अलावे, मुंगेर एक जिले का मुख्यालय है जहां अंचल मुख्यालय का होना प्रशासनिक दृष्टिकोण से उपयुक्त समझा गया। इन्हीं कारणों से सरकार ने जलमार्ग अंचल के मुख्यालय को मुंगेर स्थानान्तरित करने का निश्चय किया। परन्तु फिलहाल स्थानान्तरण को स्थगित रक्खा गया है।

---

## श्री कैली हेम्ब्रम को जमीन देना।

१३७४। श्री चतुर्भुज प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, सिंचाई विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत उम्हारा बांध योजना के बांधने से उसके पेट में श्री कैली हेमब्रम पे० रामहेमब्रम मौजा अम्हारा टोला ललमटिया का सात बीघा जमीन जलमग्न हो जाता है;

(२) क्या यह बात सही है कि उक्त सात बीघा जमीन सरकार द्वारा भूमि-अर्जन विभाग से ली गयी है;

(३) क्या यह बात सही है कि श्री कैली हेमब्रम की सन्तान को उसकी जमीन की कीमत नहीं मिली है;

(४) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो उक्त व्यक्ति को अबतक नहीं मिलने का क्या कारण है और सरकार उक्त हेमब्रम के परिवार को दूसरी आबादी लायक जमीन देने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, सिंचाई विभाग—(१) अम्हारा बांध जो जमींदार का पुराना बांध था। उसे सिंचाई विभाग ने सिर्फ मरम्मत किया है। उसके पेट में श्री कैलू हेम्ब्रम तथा अन्य लोगों की जमीन जलमग्न जमींदार के समय में ही होती थी और अब भी होती है।

(२) इस बांध के जलमग्न क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जमीन अर्जित नहीं किया गया है क्योंकि जो जमीन पहले जलमग्न होता था वही आज भी जलमग्न हो रहा है तथा कोई नयी जमीन जलमग्न नहीं होती है।

(३) खंड (२) के उत्तर के संदर्भ में यह प्रश्न नहीं उठता।

(४) खंड (१) एवं (२) के उत्तर के संदर्भ में यह प्रश्न नहीं उठता।

---

## अजय-योजना-बांध।

१३७५। श्री वैद्यनाथ दास—क्या मंत्री, सिंचाई विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि संथालपरगना जिला के पश्चिमी अचल देवघर सबडीविजन के क्षेत्रों को उपजाऊ बनाने के लिए एक बड़ा जलाशय बनाने की योजना विगत कई वर्षों से सरकार के विचाराधीन है यदि हां तो सरकार अबतक उससे संबंधित कौन-सी कारंवाई की है;

(२) क्या यह बात सही है कि अजय योजना (पुनासी के पास) बांध (डैम) बनाने के संबंध में भारत सरकार से भूतपूर्व लोक-सभा की सदस्या श्री मती शकुन्तला देवी ने मंजूर कराई थी;

(३) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या विहार सरकार का सहयोग रहेगा एवं उक्त जलाशय और अजय योजना बांध के लिये सरकार कारंवाई करना चाहती है यदि नहीं तो क्यों ?